# नोएडा और दिल्ली में आज से जीसीसी कॉन्क्लेव

## यूपी को सॉफ्टवेयर कंपनियों का गढ़ बनाने की तैयारी

**लखनऊ।** प्रदेश को सॉफ्टवेयर कंपनियों का गढ़ यानी ग्लोबल कैपिसिटी सेंटर बनाने के लिए दो दिनी जीसीसी कान्क्लेव का आयोजन 25-26 सितंबर को नोएडा व दिल्ली के पांच सितारा होटल में होगा। इसमें आईबीएम, डब्ल्यूएसपी और माइलोटेक सहित कई बहुराष्ट्रीय सॉफ्टवेयर कंपनियों के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे।

जीसीसी का उद्देश्य यूपी को वैश्विक कंपनियों का पसंदीदा निवेश केंद्र बनाने और आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स व इनोवेशन सेक्टर में नई संभावनाओं को बढ़ावा देना है। कॉन्क्लेव के पहले दिन नोएडा स्थित होटल में आयोजित सत्र की अध्यक्षता अपर मुख्य सचिव इंडस्ट्री करेंगे। इसमें सीईओ और इन्वेस्ट यूपी के एसीईओ भी मौजूद रहेंगे। यह बैठक सरकार और उद्योग जगत के बीच सहयोग की नई संभावनाओं पर केंद्रित रहेगी।

26 सितंबर को दिल्ली के होटल में मुख्य जीसीसी कॉन्क्लेव का आयोजन होगा। सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलने वाले इस सम्मेलन में गो यूपी फायरसाइड सेशन होगा। इसमें अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव आईटी इलेक्ट्रॉनिक्स और सीईओ इन्वेस्ट यूपी मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर बिजनेस टू गवर्नमेंट (बी2जी) मीटिंग्स भी होंगी।

इन्वेस्ट यूपी के वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक जीसीसी कॉन्क्लेव राज्य में निवेश माहौल को और मजबूत करेगा। आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में यूपी पहले ही बड़ी कंपनियों का पसंदीदा हब बन चुका है और यह सम्मेलन वैश्विक दिग्गजों के लिए नए अवसर खोलेगा। ब्यूरो